PRESS CUTTINGS BUREAU
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| THE STATESMAN | NEW DELHI | |

# MTNL's mobile services disrupted

|| Shashi Bhushan M7

NEW DELHI, 18 MAY: Mahanagar Telephone Nigam Limited's GSM mobile and broadband services were disrupted in several areas in Delhi after some employees cut the optical fibre cable to highlight their demand for a salary hike.

The services have been disrupted for the last 24 hours leading to lack of connectivity in several areas of the national capital. MTNL officials, however, maintained that there were some technical problems which would be rectified soon.

"Since yesterday morning, there was no connectivity on my mobile phone and I am totally cut off from my friends and family. Its more than 24 hours and I am still waiting for services to resume," said Mr Ravi, MTNL Trump user and resident of R K Puram in South Delhi.

MTNL broadband services were also affected in several areas. "I am not able to access Internet and went to cyber cafe to do some important work but there too the server was down and the cafe owner were seen sitting idle," said a resident of Rohini, Mr Anil Chaudhary.

A senior official of MTNL when asked about the problems being faced by subscribers, told The Statesman: "I got to know about the problem from you and I will try to rectify it as soon as possible."

The chief general manager (wireless), Mr AK Bhargava, said there were problems with mobile services in parts of Delhi but added that it was not a big problem and would be rectified soon.

The chairman and managing director of MTNL, Mr R S P Sinha, admitted that there were some problems with mobile services in Delhi. "Some group D employees of MTNL had cut the optical fibre cable of BTS resulting in disruption of services. We are working on it and the problem will be rectified by midnight," he said.

The circle secretary of MTNL officers association, Mr Ram Gopal, said operations were disrupted as all 8,000 officers were on a non-cooperation strike today demanding hike in their salary.

PRESS CUTTINGS BUREAU
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| [illegible] | NEW DELHI | [illegible] |

# MTNL strike severs lifeline in Delhi, Mumbai


Staff Reporter ■ New Delhi

The lifeline of the metropolises of Delhi and Mumbai got disconnected on Monday.

With Mahanagar Telephone Nigam Limited (MTNL) services facing a jolt due to strike called by its staff on Monday, citizens owning MTNL services like landline phone connections, Internet connections, Trump and Dolphin SIM card faced difficulty in communicating. Overseas calls, repairs of telephones, and issue and receipt of bills were also affected due to the strike.

The staff, mostly middle level officers, were protesting against the revised pay scale which they alleged did not conform to the pay scale recommended by the Government of India. There are more than 30 lakh MTNL users in the Capital city.

"My landline number was out of work since morning. First I thought there may some technical problem or congestion in the network but it did not get any better. The phone is still dead. Even the broadband services have failed," Rama Sharma, a resident of Mukherjee Nagar, said. Sourabh Mukherjee, who lives in Anand Niketan, said he had problems calling a friend in Gurgaon on her Trump mobile. "For an entire hour, I tried to get through to an MTNL mobile number from a landline but to no avail," he said.




According to sources, with routine maintenance and repair of junctions not being carried out, by the agitating grade-B employees of the Nigam, service in the city was badly affected. Callers to both landline and MTNL's cellular service perpetually got an engaged tone while trying to connect. Interestingly the PRO of the MTNL J P Sharma, too, could not be contacted despite of several efforts since neither his landline nor his Trump mobile number was accessible till late in the evening.

Complaints poured in from Connaught Place, Laxmi Nagar, South Extension, Bhikaji Cama Place, Nehru Place, Janakpuri, among other areas. "About 8,000 middle level officers mainly associated with the maintenance services went on strike. We were protesting against new pay scale. Our salaries have reduced by up to Rs 5,000," said Ashok Kumar Kaushik, a union leader of the MTNL. He said there are more than 30 lakh MTNL users in the Capital.

# PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| THE HINDU | NEW DELHI | 9 MAY 2009 |


**Flights delayed**

**NEW DELHI:** Some flights operating out of Delhi airport were delayed on Monday as some MTNL phone lines were down because of an MTNL strike, sources said. Due to this, some airlines that did not have a back-up system had to shift to manual check-in, delaying the departure of some flights.

PRESS CUTTINGS BUREAU
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46069243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
| --- | --- | --- |
| [illegible] | NEW DELHI | |


# Phone, internet subscribers the worst hit

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** An indefinite strike by MTNL executives on Mondaydisrupted phone and internet services as well as operations at the airport and hospitals.

At AIIMS's RP Centre, a minor fire broke out due to short circuit and doctors had to use their personal mobile phones to call the fire department. "All our landlines are down and we couldn't connect to the fire department," said Dr Shakti Gupta, medical superintendent, RP Centre.

While most major educational institutions remained largely unaffected, Delhi College of Engineering faced some problems. According to Naveen Kumar, faculty, DCE, "The internet and telephones were not working and the faculty and students did face some problems." Railways, however, were not affected too adversely.

Individual subscribers were the major sufferers. People couldn't call on or from MTNL phones, internet lines were down throughout the day causing problems at homes and offices subscribing to MTNL. "I went to office leaving my one-year-old baby with a babysitter. I have this habit of calling and checking with the sitter every hour or so to see how the baby is doing. I just couldn't get through to my home. I was so worried that I took a half day and left for home early," said a frantic Gunjan Dhyani, a resident of Tara Apartments. She was not the only one. Shradha Sundaram from Patparganj said, "I had a presentation and had to do some research for that. I had mailed myself the details of the presentation which I was supposed to work on. But I just couldn't open my mail."

The striking executives said their main demand was implementation of the sixth pay commission recommendations. "We have been requesting the management to implement the pay commission's report on increasing our salaries. But for the month of April, our salaries have actually been rolled back between Rs 5,000-Rs 8,000 while the higher ranked officials have got increments. This is despite MTNL showing a huge profit," said A K Kaushik.

The executive unions' joint forum had sent a notice to the MTNL CMD, DoT secretary S Behura and telecom minister A Raja in March 2009 requesting that the pay commission report be implemented for MTNL as was done for BSNL. They had also asked that Sinha and Behura meet them. However, Kaushik alleges that no meeting took place. According to him, employees that have been transferred from BSNL to MTNL stand to lose up to Rs 8,000 every month. "We have 50,000 employees. Our wage bill has increased from Rs 1,000 crore to Rs 2200 crore in the last five years, which is 45% of our topline revenue. We cannot meet their demands," said Sinha.

toireporter@timesgroup.com

# PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243

E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
| --- | --- | --- |
| THE TIMES OF INDIA | NEW DELHI | 19 MAY 2009 |


# MTNL strike disrupts IGI operations

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** IGI Airport faced massive problems due to the MTNL strike on Monday as airlines had to carry out several tasks manually, including issuing of boarding cards, that led to several flights getting delayed by up to two hours.

Sources at the airport revealed that with no internet facilities available, airlines had a tough time managing passengers. "The problem arose in the morning when the lines failed and we had no access to the internet. The staff was caught completely off-guard and all work came to a standstill for a short while. Eventually, we had to start issuing boarding cards manually. This took a lot of time and many flights scheduled for the early part of the day were delayed," said an airline official.

Delhi International Airport (P) Ltd (DIAL) officials confirmed that there were no problems with the airport infrastructure but that all MTNL lines were down. Sources also said that telephone lines within the airport were also not functional. "We were able to receive calls but it was not possible to make outgoing calls. There are several officials whose mobile numbers we do not have and contact them on the internal line. This was not possible on Monday and led to severe chaos, specially since the airport has been seeing a lot of VIP movement in the past few days," said an airport official.

DIAL officials also said that some airlines had a backup, though airlines said that no such facility had been provided. "The internet is used for some extremely important and essential work and it is strange that there is no back-up for the same. The new terminal 1D was specially affected as passengers kept arriving and it was taking just too long to check them in," said the spokesperson of a private airline. Some airlines were finally able to get their system back in order by evening though the confusion prevailed all day long.

toireporter@timesgroup.com



CASCADING EFFECT: Airlines were forced to issue boarding cards manually

## MTNL strike: Phones dead, internet down, chaos at IGI

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Landline phones went dead in many parts of the city and internet services were down as an indefinite strike by MTNL executives hit Delhi on Monday, severely affecting operations at the airport and leading to inconvenience at hospitals and other institutions. Even MTNL's mobile service was badly hit.

R S P Sinha, MTNL CMD, said cables were cut by a saw at seven places in the city. "The Laxmi Nagar cable, six NTR cables carrying STD traffic and two optical fibre cables carrying DTH and broadband traffic have been cut. We have filed an FIR although we can't identify the vandals," he told TOI, adding that the damage will be rectified by Monday night.

A K Kaushik, general secretary of the striking Telecom Executives Association of MTNL, which is demanding sixth pay commission scales, denied charges of vandalism. "It's a peaceful strike. We won't damage equipment as it is our job to maintain it," he said.

With internet down, work came to a standstill at IGI Airport for a short while in the morning. Airlines couldn't issue boarding cards to passengers, leading to several flights getting delayed by up to two hours. Hospital services were also hit. "Patients had a tough time getting in touch with the doctors as our board numbers weren't working. But core activities weren't affected," said Dr D K Sharma, MS, AIIMS.

▶ Phone users worst hit, P 4

PRESS CUTTINGS BUREAU
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

NAME OF PUBLICATION: THE HINDUSTAN TIMES

PLACE OF PUBLICATION:

DATE OF PUBLICATION: 2009

# MTNL broadband in net after workers target optic fibres

Manoj Gairola
New Delhi, May 18

DID YOUR Internet connection die on you while you were surfing your favourite website or booking travel tickets online on Monday?

If so, you may be one of the 3.25 lakh subscribers of the government-owned Mahanagar Telephone Nigam Ltd (MTNL) who were inadvertent victims of agitating employees.

The MTNL employees, who were demanding a pay-hike, cut data-carrying optical fibre cables at eight places as a mark of protest.

Some subscribers could not get broadband connection, while others faced slow down in speed.

About 4,000 group "B" ( who are these?) employees of MTNL are on strike seeking higher salary.

"The lines have been cut by agitating Group B employees," said R.S.P. Sinha, chairman and managing director, MTNL. "We have lodged a complaint with the police and are trying to rectify the problem."

Some companies who use MTNL's leased lines also suffered. Companies use leased lines for carrying data traffic.

> **The lines have been cut by agitating Group B employees. We have lodged a complaint with the police and are trying to rectify the problem.**
>
> – R.S.P. SINHA
> MTNL chairman

MTNL has not yet conceded to employee demands. Currently, 45 per cent of the company's revenue goes towards the salary of its employees. It has about 40,000 group "C" and group "D" employees.

"We cannot accept their demands," Sinha said. "If we give higher wages to group "B" employees then we will have to give high wages to 40,000 other employees. Its financial implications are not sustainable."

The agitating employees also disconnected some lease lines between Delhi and Mumbai. This affected data traffic between the two cities.

manoj.gairola@hindustantimes.com

# PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243

E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
| --- | --- | --- |
| MAHAMEDHA | NEW DELHI | [illegible] |


# तीन दिन से एमटीएनएल के उपभोक्ता परेशान

## नेटवर्क गायब होने की समस्या पर अधिकारियों ने साधी चुप्पी

नीरज कुमार तंवर/नई दिल्ली

जिस नंबर को आप कॉल कर रहे हैं वो अभी बंद है। कृप्या थोड़ी देर बाद डॉयल करें या फिर वो अभी कवरेज एरिया से बाहर है, या फिर एक महिला मधुर आवाज में आपसे कहती सुनाई पड़ती है कि जिस पार्टी को आप कॉल कर रहे हैं वो आपकी कॉल नहीं ले रही है।

कृप्या कुछ देर बाद दोबारा डॉयल करें। कुछ इस तरह की आवाजें दक्षिणी दिल्ली के लाखों एमटीएनएल के उपभोक्ताओं को पिछले तीन दिनों से सुनाई पड़ रही हैं। इन दिनों दक्षिण दिल्ली के एमटीएनएल के उपभोक्ता जब अपने सगे संबंधियों की खैर खबर लेने के लिए उनका नंबर डॉयल करते हैं, तो मोबाइल फोन पर सामने से कुछ ऐसी ही आवाजें सुनाई पड़ रही हैं। ऐसा नहीं है कि शनिवार से महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के उपभोक्ता इन दिनों फोन का इस्तेमाल जरूरत से ज्यादा कर रहे हैं, या फोन का अनुचित प्रयोग कर रहे हैं और न ही इसकी वजह से एमटीएनएल भारी भरकम कमाई कर रहा है।

बल्कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि पिछले तीन दिनों से दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र में एमटीएनएल के नेटवर्क में किसी तरह की खराबी आ गई है। जिस वजह से क्षेत्र के लाखों एमटीएनएल के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**दिल्ली के अधिकांश इलाकों में सोमवार को मोबाइल यूजर्स को झेलनी पड़ी दिनभर नेटवर्क गायब होने की परेशानी**

उपभोक्ताओं के फोन में से नेटवर्क उड़ा हुआ है जिस वजह से संचार सेवाएं पिछले दो दिनों से बुरी तरह अस्त-व्यस्त है और फोन पर केवल मैसेज सुनाई दे रहा है कि आप मात्र इमर्जेंसी में इस्तेमाल कर सकते है। एमटीएनएल के नेटवर्क फेल होने का असर सोमवार को नेहरू प्लेस, आईटीओ, भीकाजी कामा प्लेस, सीपीओ जैसे कमर्शियल स्थानों पर काफी हद तक दिखा।

दक्षिण दिल्ली के एक उपभोक्ता का कहना है कि शनिवार की शाम से ही मोबाइल फोन पर नेटवर्क के संकेत नहीं मिल रहे हैं। एमटीएनएल के नम्बर पर फोन करने पर रिकॉर्डिंग सुनाई देती है कि या तो नम्बर स्विच ऑफ है या फिर कवरेज एरिया के बाहर है। साथ ही उनके फोन की स्क्रीन पर मैसेज लिखा आ रहा है कि आप केवल इमर्जेंसी में ही इस्तेमाल कर सकते हैं।

वहीं आरकेपुरम के रहने वाले विक्की ने बताया कि मेरा एमटीएनएल का नंबर है रात को ऑफिस से आते हुए मैं अपने दोस्त से फोन पर बातें कर रहा था, मगर जैसे ही आईएनए पहुंचा अचानक नेटवर्क में प्रॉब्लम होनी शुरू हो गई और मेरे फोन का नेटवर्क उड़ गया।

नेटवर्क की प्रॉब्लम शनिवार सुबह से ही दक्षिणी दिल्ली में मेडिकल, साऊथ एक्स, कोटला मुबारकपुर, बेगमपुर, शाहपुर जट, हौजखास, पंचशील पार्क, मालवीय नगर आदि अनेक क्षेत्र प्रभावित हैं। इसके अलावा सोमवार को सुबह से ही दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एमटीएनएल के मोबाइल फोन यूजर्स जैसे गरूड़, ट्रंप और डाल्फिन के उपभोक्ताओं को भी नेटवर्क गायब होने की समस्या से दो चार होना पड़ा।

अधिकांश उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन नहीं लग पा रहे थे। अगर लग भी जा रहे थे तो घंटी जाने के बाद तुरंत कट रहे थे। हालांकि इस बारे में अभी एमटीएनएल के अधिकारियों की तरफ से कोई बयान जारी नहीं हो सका है।

PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243

E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| AAJ SAMAJ | NEW DELHI | [illegible] 2009 |


# एमटीएनएल कर्मी हड़ताल पर गए संचार सेवा ठप

## देर रात तक परेशान रहे लाखों उपभोक्ता

आज समाज, नई दिल्ली

छठे वेतन आयोग में वेतन विसंगतियों के कारण अधिकारियों और कर्मचारियों के कारण दिल्ली में एमटीएनएल के उपभोक्ताओं का सुबह आठ बजे से खबर लिखे जाने तक मोबाइल, लैंडलाइन और इंटरनेट सेवा बाधित रही।

राजधानी में सबसे बड़ी मोबाइल फोन सेवा देने का दावा करने वाली एमटीएनएल के कर्मचारी उपभोक्ताओं का बिना ख्याल रखते हुए हड़ताल पर चले गए। एमटीएनल के सभी अधिकारियों के फोन दिन भर बजते रहे, लेकिन अधिकारियों और प्रवक्ताओं ने फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई। देर रात एमटीएनएल के प्रवक्ता श्री सिंघल से इस बारे में बात करने की कोशिश की गई तो उक्त अधिकारी ने फोन ही नहीं उठाया। एमटीएनएल के सर्वर डाउन होने से उपभोक्ता, बूथ चलाने वाले, इंटरनेट के साथ-साथ थ्री जी सेवा पूरी तरह प्रभावित हुई है।

सोमवार सुबह आठ बजे से ही एमटीएनएल का सर्वर डाउन हो गया। महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड देश में केवल दो शहर दिल्ली और मुंबई टेलीफोन, मोबाइल फोन सहित इंटरनेट सेवा मुहैया कराती है। पिछले दिनों एमटीएनएल ने राजधानी के पॉश इलाकों में थ्री जी सेवा शुरू की थी। वहीं इस सेवा का उपयोग करने वाले उपभोक्ता कमजोर नेटवर्क कनेक्शन से हमेशा परेशान होने की बात कबूलते हैं। शिकायत करने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जाता। दिल्ली में एमटीएनएल के करीब दस लाख से ज्यादा उपभोक्ता हैं।

## रेल आरक्षण सेवा भी बाधित

पूर्वी दिल्ली। महानगर टेलीफोन निगम के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सोमवार को एमटीएनएल की इंटरनेट सर्विस सुबह से ही बंद कर दी गई। इंटरनेट सर्विस बंद होने के कारण रेलवे के आरक्षण केंद्र भी बंद हो गए। इसके कारण हजारों लोग अपना आरक्षण नहीं करा पाए। यही नहीं एमटीएनएल की मोबाइल फोन सेवा भी बाधित रही, जिससे लोगों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा मोबाइल फोन बिल जमा कराने गए लोगों को विभिन्न काउंटरों से बैरंग ही लौटा दिया गया। एमटीएनल के प्रवक्ता जेपी शर्मा ने स्वीकार किया कि सुबह से दोपहर तक सर्वर डाउन होने से विभागीय कार्य प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि इसे जल्द ही दूर किया जाएगा।

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| PUNJAB KESARI | NEW DELHI | |

## एमटीएनएल फोन सेवा प्रभावित रही MT

नई दिल्ली, (मैट्रो): एमटीएनएल (महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड) की फोन सेवा में किसी बड़ी गड़बड़ी के कारण आज राजधानी दिल्ली के कई इलाके खासकर दक्षिणी दिल्ली इलाके में लैंड लाइन फोन सेवा के साथ-साथ मोबाइल सेवा भी प्रभावित रही। हालत यह रही कि उपभोक्ता के बार-बार फोन मिलाने पर भी एमटीएनएल फोन सेवा ठप्प रही। हालांकि इस बारे में जानकारी मांगने पर कोई भी एमटीएनएल अधिकारी उपलब्ध नहीं थे। एमटीएनएल उपभोक्ताओं के अनुसार आज एमटीएनएल की लैंड लाइन सेवा व मोबाइल फोन (गरुड़, डाल्फिन व ट्रम्प) बुरी तरह से प्रभावित रही है। इस कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह एमटीएनएल अधिकारियों द्वारा 'पेन डाऊन व टूल डाऊन' हड़ताल किए जाने के कारण फोन सेवा प्रभावित हुई थी। आज भी फोन सेवा उसी तरह प्रभावित हुई, लेकिन कारण क्या था इसकी जानकारी किसी ने नहीं दी। उपभोक्ता दिनभर एमटीएनएल को कोसते नजर आए।

# PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
| --- | --- | --- |
| RASHTRIYA SAHARA | NEW DELHI | [illegible] 009 |


## दूरसंचार, इंटरनेट सेवाएं बाधित होने से अफरा-तफरी

नई दिल्ली (एसएनबी)। राजधानी में सोमवार को एमटीएनएल की दूरसंचार व इंटरनेट सेवाएं बाधित होने से दिन भर अफरा-तफरी मची रही। न केवल हवाई अड्डे व रेलवे स्टेशनों के इंटरनेट सर्वर डाउन रहे, बल्कि एमटीएनएल के मोबाइल व लैण्ड लाइन उपभोक्ताओं को भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। यह स्थिति एमटीएनएल अधिकारियों के असहयोग आंदोलन के कारण उत्पन्न हुई। एमटीएनएल के अधिकारियों ने वेतन विसंगतियों और अन्य मांगों को लेकर असहयोग आंदोलन शुरू किया। इस आंदोलन की मार सोमवार को राजधानी के एमटीएनएल उपभोक्ताओं को सहनी पड़ी। सुबह करीब 11 बजे के बाद ही एमटीएनएल की सभी

(शेष पेज 2)

## दूरसंचार, इंटरनेट सेवाएं बाधित...

सेवाएं बाधित होनी शुरू हो गई। दोपहर तक तो एमटीएनएल की इंटरनेट ब्रांड बैंड सेवा भी पूरी तरह बंद हो गई। राजधानी में रेलवे स्टेशन व हवाई अड्डों सहित लगभग सभी प्रमुख सरकारी विभागों के अलावा बड़ी निजी कंपनियां भी एमटीएनएल के ब्रांड बैण्ड इंटरनेट सर्वर से जुड़ी हैं। यह सर्वर दोपहर में जैसे ही बंद हुआ तो मानों राजधानी में जिंदगी ठहर गई।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के आरक्षण केन्द्रों के अलावा अन्य आरक्षण केन्द्रों पर यात्रियों की लंबी लंबी कतारें लग गई। यात्री आरक्षण कराने के लिए घंटों तक कतार में लगे रहे। लगभग ऐसी ही स्थिति इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर थी। हवाई अड्डे के सभी कार्यालयों में इंटरनेट सेवाएं कई घंटे तक बाधित रहीं। एमटीएनएल के मोबाइल व लैण्डलाइन उपभोक्ताओं को भी दिन भर काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। उपभोक्ता बार-बार नंबर फोन नंबर डायल करते थे, लेकिन दूसरी ओर से नेटवर्क व्यस्त होने की टोन या फोन व्यस्त होने की टोन सुनाई देती थी। यह स्थिति शाम तक बनी रही। शाम को स्थिति सामान्य हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।


**PRESS CUTTINGS BUREAU**
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| RASHTRIYA SAHARA | NEW DELHI | 19 MAY 2009 |

# ब्रॉडबैंड का बजा बैंड, गरुड़-डाल्फिन भी ठप

पूर्वी दिल्ली (एसएनबी)। एमटीएनएल कर्मचारियों के असहयोग आंदालन शुरू करने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के यमुनापार इलाके समेत पूरी दिल्ली की सभी दूरसंचार एवं इंटनेट सेवाएं कई दिनों से बाधित चल रही है। जिस कारण एमटीएनएल के लाखों उपभोक्ता को दिल्ली से बाहर तो दूर दिल्ली में ही अपने संबंधियों से बात करने के लिए तरस गए हैं। इसके बावजूद एमटीएनएल सेवाओं में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि लोग एमटीएनएल की नई सेवाओं का प्रयोग करने से भी परहेज कर रहे हैं।

दिल्ली के यमुनापार इलाके में एमटीएनएल के लगभग 5 लाख कनेक्शन चल रहे हैं, जो एमटीएनएल की खराब सेवाओं से परेशान हैं। इसके अलावा पूरी दिल्ली की सभी ब्रॉडबैंड, डाल्फिन, गरुड़, ट्रंप और लैंड लाइन सेवाएं ठप्प हैं। लक्ष्मी नगर संचार हॉट पर एमटीएनएल कनेक्शन की शिकायत दर्ज कराने आई शीतल शर्मा ने बताया कि वे काफी समय से एमटीएनए की ब्रॉड बैंड सेवा इस्तेमाल कर रही हैं। उनका कहना है कि अकसर उनके इंटरनेट कनेक्शन का सर्वर डाउन हो जाता है, जिस कारण उन्हें अपना काम-धाम छोड़कर संचार हॉट के चक्कर काटने पड़ते हैं। यह हाल लक्ष्मी नगर संचार हॉट का ही नहीं है, इसके अलावा दिल्ली के सभी संचार हॉट केंद्रों पर उपभोक्ताओं का तांता लगा रहता है। जानकारी के मुताबिक छठे वेतन आयोग की सेवा शर्तों से नाखुश एमटीएनएल के 4000 कर्मचारियों ने असहयोग आंदोलन शुरू किया है। एमटीएनएल सूत्रों के अनुसार कर्मचारी लगभग दो महीने से पेन डाउन और टूल डाउन हड़ताल पर चल रहे थे।



**एमटीएनएल कर्मचारियों का असहयोग आंदोलन जारी**

सूत्रों के मुताबिक दिल्ली के 4000 हजार कर्मचारियों के अलावा मुंबई के 4000 हजार कर्मचारी भी छठे वेतन आयोग के खिलाफ नॉन कॉपरेटिव हड़ताल पर हैं। एमटीएनएल के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि एमटीएनएल कर्मचारियों की हड़ताल अनिश्चित कालीन भी हो सकती है।

## सर्वर ठप, लोग परेशान

पूर्वी दिल्ली (एसएनबी)। रेल आरक्षण केंद्र पर सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक इंटरनेट सर्वर ठीक होने का इंतजार करते-करते सैकडों लोगों की हालत पतली हो गई। यह नजारा यमुनापार स्थित कड़कड़डूमा रेलवे आरक्षण केंद्र का है। जहां पर एमटीएनएल की ब्रॉडबैंड सेवाएं बाधित होने से सोमवार को यात्रियों और रेल आरक्षण केंद्र कर्मचारियों के बीच कासुनी भी हो गई।

कड़कड़डूमा रेल आरक्षण केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र पर 12 आरक्षण खिड़कियां हैं। जानकारी के अनुसार प्रत्येक लाइन में 250 लोग खड़े हो सकते हैं। और इस केंद्र से प्रतिदिन औसतन 3 से 5 हजार आरक्षण होते हैं। काफी समय से इंटरनेट कनेक्शन की खराबी के कारण लोगों को इस केंद्र पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस केंद्र पर रिजर्वेशन कराने आए शिव प्रकाश ने बताया कि उन्हें वाराणसी के लिए आरक्षण कराने के लिए इस केंद्र पर 5 घंटे से भी ज्यादा समय लग गया, इसके बावजूद उनका आरक्षण नहीं हो पाया। वहीं राकेश ने बताया कि अधिकारी उनसे हर बार इंटरनेट खराब होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं. लेकिन इस असुविधा को दूर करने के बार में कोई गौर नहीं करते। आरक्षण केंद्र पर आलम यह था कि आरक्षण केंद्र पर पहुंचे लोगों ने एमटीएनएल की लापरवाही का गुस्सा आरक्षण केंद्र कर्मचारियों पर उतार दिया जिस दौरान लोगों और कर्मचारियों में खूब कहासुनी हो गई। आरक्षण केंद्र अधिकारियों का कहना है कि वे इंटरनेट ठीक करने के शिकायत कई बार कर चुके हैं, लेकिन इसे ठीक करने में एमटीएनएल विभाग कोताही बरत रहा है।

PRESS CUTTINGS BUREAU
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| AMAR UJALA | NEW DELHI | [illegible] 2009 |

# एमटीएनएल की सेवाएं बाधित रहने से फोन ठप

नई दिल्ली/पूर्वी दिल्ली। पे रिवीजन कमेटी की सिफारिशों को लागू न किए जाने के विरोध में अब महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के कर्मचारी नॉन कॉपरेशन पर उतर आए हैं। कर्मचारियों के इस नॉन कॉपरेशन का सोमवार को संचार सेवाओं पर जबरदस्त प्रभाव देखा गया।

संचार सेवाएं बाधित होने के कारण एमटीएनएल के दिल्ली और एनसीआर को दिक्कत का सामना करना पड़ा। देर शाम गरुड़, ब्राडबैंड, डॉल्फिन, लैंड लाइन व ट्रंप कार्ड की सेवाएं प्रभावित रहीं। एमटीएनएल यूनियन लंबे समय से पे रिवीजन कमेटी की सिफारिश लागू किए जाने की मांग कर रही है लेकिन प्रबंधन इन मांगों के स्वीकार नहीं कर रहा है। इसका विरोध करते हुए कर्मचारियों ने इससे पूर्व टूल डाउन व पेन डाउन कर अपना विरोध दर्ज कराया था लेकिन जब इससे भी बात नहीं बनी तो अब एमटीएनएल की सेवाएं प्रभावित करना शुरू हो गई है। इस कारण 15 लाख उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। एमटीएनएल ज्वाइंट फोरम के महासचिव वी के तोमर ने बताया कि हड़ताल के चलते सेवाएं प्रभावित रहीं और इसका असर सभी सेवाओं पर देखा गया।

## रेलयात्री रहे परेशान

इंटरनेट सेवा बाधित रहने से सबसे ज्यादा असर कड़कड़डूमा स्थित रेलवे रिजर्वेशन सेंटर पर दिखाई दिया। सेंटर पर काउंटर खुलने के एक घंटे के भीतर सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। सेवा बाधित होने से रेलवे को बड़ा नुकसान होने का अनुमान है।

PRESS CUTTINGS BUREAU
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| DAINIK HINDUSTAN | NEW DELHI | 13 MAY 2009 |


# एमटीएनएल की सेवाएं ठप

प्रमुख संवाददाता नई दिल्ली

- वेतन को लेकर अधिकारी हड़ताल पर गए
- बुरी तरह प्रभावित हुई ब्रॉडबैंड सेवा

**राजधानी** की संचार व्यवस्था सोमवार को पूरी तरह ठप रही। खासकर महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) की इंटरनेट सेवा बाधित रहने से कई बैंकों में कामकाज प्रभावित हुआ। कॉरपोरेट जगत के लोग एक-दूसरे से संपर्क नहीं साध पाए। एमटीएनएल की मोबाइल सेवा और लैंडलाइन सेवा भी बाधित रही।

एमटीएनएल के बी ग्रेड के अधिकारियों के अचानक हड़ताल पर चले जाने के कारण यह हालात पैदा हुए। हालांकि प्राइवेट कंपनियों की संचार व्यवस्था पूर्ववत काम करती रही।

सोमवार सुबह से ही एमटीएनएल के ब्रॉडबैंड ने काम करना बंद कर दिया। जिन बैंकों में एमटीएनएल की इंटरनेट सेवा चल रही है, वहां भी कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा। एमटीएनएल अधिकारी पिछले कई दिनों से आंदोलनरत हैं। इन अधिकारियों का कहना है कि एमटीएनएल के प्रबंधन ने नवरत्न कंपनी होने के बावजूद सरकार द्वारा निर्धारित नए वेतनमान के 30 प्रतिशत फिटमेंट की बजाय 5 प्रतिशत फिटमेंट और मकान किराया भत्ता दिसंबर 2006 के देय पर निर्धारित करने का प्रस्ताव टेलीफोन डिपार्टमेंट को भेज दिया है। इससे अब मई माह का वेतन उन्हें आठ से 15 हजार रुपये कम मिलेगा। इस वजह से सोमवार को अधिकारी बेमियादी हड़ताल पर चले गए।

# PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243

E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| DAINIK HINDUSTAN | NEW DELHI | |


## दिन भर परेशान रहे एमटीएनएल उपभोक्ता

गुड़गांव। द नंबर यू हैव डायल इज इदर स्विच ऑफ और नॉट इन कवरेज एरिया...। सुबह से शाम तक एमटीएनएल के मोबाइल पर फोन करने वालों को यही संदेश सुनने को मिला। किसी के बॉस ने कर्मचारी को काम से बचने के लिए मोबाइल सेवा गड़बड़ा कर रखने की झाड़ लगाई तो कोई प्रेमी जोड़ा इस संवादहीनता के कारण मिल नहीं पाया। एमटीएनएल मोबाइल उपभोक्ताओं का सोमवार सुबह साढ़े दस बजे से शाम तक किसी से संपर्क नहीं हो पाया। लंबे समय तक नेटवर्क जाम होने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसी के कोई भी संदेश आ जा नहीं सके। एमटीएनएल मोबाइलधारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया किसी दूसरे फोन से एमटीएनएल का कस्टमर केयर नंबर 9868112345 भी नहीं लग पा रहा था। पिछली 13 मई को भी लगभग पांच घंटे तक नेटवर्क जाम रहा। बार-बार ऐसा होने से हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। (ह.सं.)

# PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| NAVBHARAT TIMES | | 19 [illegible] 2009 |


**लूज कनेक्शन**

## एमटीएनएल की सर्विस ठप रही

प्रस ॥ नई दिल्ली : राजधानी में एमटीएनएल की लैंडलाइन, मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाएं सोमवार को बुरी तरह अस्त-व्यस्त रहीं। वेतन कटौती के विरोध में एमटीएनएल के अधिकारी असहयोग आंदोलन कर रहे हैं। इसमें दिल्ली में 4,000 से ज्यादा अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। आंदोलनकारी अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार से इस आंदोलन को तेज किया जाएगा। आंदोलन का असर प्राइवेट टेलिफोन ऑपरेटरों के उपभोक्ताओं पर भी नजर आ सकता है। एमटीएनएल नेटवर्क का इस्तेमाल करने वाले प्राइवेट टेलिफोन ऑपरेटरों की सेवाएं भी चरमरा सकती हैं। एमटीएनएल के मोबाइल उपभोक्ताओं के सुबह से ही सिग्नल गायब मिलने लगे थे। »» पेज 3 भी देखें

# PRESS CUTTINGS BUREAU

90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com



| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| NAVBHARAT TIMES | NEW DELHI | [illegible] |


# एमटीएनएल इफेक्ट

# प्राइवेट फोन भी हो सकते हैं डिस्टर्ब

प्रमुख संवाददाता ॥ नई दिल्ली

एमटीएनएल अधिकारियों के असहयोग आंदोलन का असर प्राइवेट टेलिफोन उपभोक्ताओं पर भी नजर आ सकता है। आंदोलनकारी अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार से इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इससे एमटीएनएल नेटवर्क का इस्तेमाल करने प्राइवेट टेलिफोन ऑपरेटरों की सेवाएं भी चरमरा सकती हैं।

- इस वक्त दिल्ली में एमटीएनएल के 16 लाख लैंडलाइन, 20 लाख मोबाइल और गरुड़ कनेक्शन और चार लाख ब्रॉडबैंड के उपभोक्ता हैं। जॉइंट फोरम ऑफ एमटीएनएल एग्जिक्यूटिव असोसिएशन के महासचिव अशोक कुमार कौशिक के मुताबिक इस आंदोलन की वजह से पहले ही दिन एमटीएनएल की दिल्ली और मुंबई दोनों ही जगह 80 फीसदी सेवाएं चरमरा गई हैं। यूनियन की मांगें नहीं मानी जातीं तो मंगलवार से इसका असर प्राइवेट ऑपरेटरों के कनेक्शनों पर भी पड़ सकता है। अधिकतर प्राइवेट ऑपरेटर एमटीएनएल का नेटवर्क इस्तेमाल करते हैं।

सोमवार को भी दिल्ली में एमटीएनएल के ग्राहकों की फोन सेवाएं लगभग ठप रहीं। हालांकि कुछ जगह टेलिफोन कनेक्शन चल रहे थे लेकिन यूनियन नेताओं का कहना है कि मंगलवार को जब यह आंदोलन तेज होगा तो बाकी सेवाएं भी गड़बड़ाने की आशंका है। उनका कहना है कि वे नहीं चाहते थे कि आंदोलन से उपभोक्ताओं को नुकसान हो, इसी वजह से वे पिछले दो महीने से रैलियों और धरनों के जरिए एमटीएनएल मैनेजमेंट को मनाने में जुटे थे लेकिन अब तक मैनेजमेंट ने कोई पॉजिटिव रिस्पांस नहीं दिया।

आंदोलनकारी अधिकारियों का कहना है कि उनका विरोध एमटीएनएल के उस आदेश के खिलाफ है, जिससे एमटीएनएल के अधिकारियों का वेतन बढ़ने की बजाय 4000 से 8000 रुपये तक कम हो जाएगा। यूनियन का कहना है कि सरकारी कंपनियों में नया वेतनमान लागू करने के साथ सरकार ने जो शर्तें रखी थीं, उन्हें एमटीएनएल पूरा करता है लेकिन एमटीएनएल ने जो ऑर्डर जारी किए हैं, उससे उनके भत्ते तो कम होंगे ही, साथ ही मकान किराए भत्ते में भी कमी आ जाएगी। मकान का घटा हुआ भत्ता 2006 से लागू हो जाएगा। इस तरह से अगर उस घटे हुए भत्ते की कटौती हुई तो पिछले ढाई साल का लिया हुआ भत्ता भी उन्हें वापस करना पड़ेगा। उनका कहना है कि इस आदेश का असर एमटीएनएल के दिल्ली और मुंबई के 8800 अफसरों पर पड़ा है। यही वजह है कि उन्हें इस आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है।



## लाइन खराब है...

- एमटीएनएल अफसरों का असहयोग आंदोलन आज से होगा और तेज
- अधिकतर प्राइवेट ऑपरेटर करते हैं नेटवर्क की शेयरिंग
- सोमवार को टेलिफोन और इंटरनेट लाइनें बुरी तरह प्रभावित रहीं
- सैलरी घटने की बात पर नाराज हैं एमटीएनएल के अफसर

PRESS CUTTINGS BUREAU
90/49-B, Malviya Nagar, New Delhi - 110 017 Ph. : 26681442, 46089243
E-mail : presscuttingsbureau@gmail.com

| NAME OF PUBLICATION | PLACE OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| ECONOMIC TIMES | NEW DELHI | 19 MAY 2009 |


2MX

एमटीएनएल

# हमारे सम्मानित उपभोक्ताओं से क्षमा याचना तथा आन्दोलनकारी एक्जीक्यूटिव्स से अपील!

कुछ असंतुष्ट तत्वों द्वारा महत्वपूर्ण ऑप्टीकल केबलों को काट कर एमटीएनएल नेटवर्क में तोड़-फोड़ करने के कारण दिनांक 18.05.09 को एमटीएनएल की सेवाएँ प्रभावित हुई हैं। **हमारे सम्मानित उपभोक्ताओं को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है तथा हम विश्वास दिलाते हैं कि नेटवर्क के पुनर्स्थापन हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।** एमटीएनएल प्रबंधन अपनी दिल्ली स्टाफ यूनियन के साथ आन्दोलनकारी एक्जीक्यूटिव्स से ऐसी गतिविधियों को समाप्त करने की अपील करता है।

- यह देखा जा सकता है कि पिछले 5 वर्षों के दौरान एमटीएनएल का वार्षिक वेतन बिल रु. 1619 करोड़ से बढ़कर रु. 2152 करोड़ हो गया है जबकि राजस्व घटकर रु. 4487 करोड़ (लगभग) हो गया है।
- वर्तमान वेतन बिल में राजस्व का 48% हिस्सा खर्च हो जाता है।
- एमटीएनएल वेतनमानों को 5% के फिटमेन्ट लाभ के साथ संशोधित करने को सहमत है जबकि मांग 30% की है।
- एमटीएनएल ने यह भी कहा है कि जब वित्तीय स्थिति सुधरेगी, तब 5% के फिटमेन्ट लाभ पर भी पुनर्विचार किया जायेगा।
- निम्नतम स्तर एक्जीक्यूटिव के लिए कम्पनी पहले ही असीमित आंतरिक चिकित्सा सुविधा के साथ औसत रु. 4 लाख प्रति वर्ष खर्च कर रही है तथा एमटीएनएल के लिए वर्तमान में इससे अधिक वित्तीय भार वहन करना कठिन है।

नेटवर्क में तोड़-फोड़ करने की ऐसी घृणित गतिविधियों का सहारा लेकर न केवल उपभोक्ताओं को असुविधा पहुँचाई गयी है, बल्कि एमटीएनएल के हित को भी संकट में डाला गया है, क्योंकि ऐसी गतिविधियाँ प्रतियोगियों के सामने एमटीएनएल की स्थिति कमज़ोर करती हैं। हम, प्रबन्धन एवं स्टाफ यूनियन, आन्दोलनकारी एक्जीक्यूटिव्स से ऐसी गतिविधियों को समाप्त करने की अपील करते हैं क्योंकि एमटीएनएल प्रबन्धन वित्तीय स्थिति बेहतर होने पर फिटमेन्ट पर पुनर्विचार करने का उन्हें पहले ही आश्वासन दे चुका है।

एमटीएनएल प्रबन्धन

चौ. स्वरूप सिंह
महासचिव, स्टाफ यूनियन

एमटीएनएल
एमटीएनएल है तो सही है!
Visit us at: http://www.mtnldelhi.in